गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण-पत्र

चर्चा में क्यों?

1 सितंबर, 2021 को **छत्तीसगढ़ के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र** और **चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों** को **राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाण-पत्र** से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- इन स्वास्थ्य केंद्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र **पाटन (दुर्ग)** और चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र- **गांधी चौक (बिलासपुर), मोरगा (कोरबा), रामटोला (राजनांदगांव) एवं चटौद (धमतरी)** शामिल हैं।
- इन स्वास्थ्य केंद्रों का चयन केंद्रीय **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** द्वारा वर्चुअल निरीक्षण के बाद किया गया था।
- यह प्रमाण-पत्र अस्पतालों (स्वास्थ्य केंद्रों) को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिये दिया जाता है।
- इसके साथ ही अब तक राज्य के 28 स्वास्थ्य केंद्रों को **एनक्यूएएस सर्टिफिकेट** मिल गए हैं। इनमें 14 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 7 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 7 ज़िला अस्पताल शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/quality-assurance-certificate